भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 690

दिनांक 3 दिसंबर,2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

चीन के साथ व्यापार

690 : श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक चीन से हुए आयात का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक चीन में किए गए निर्यात का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या विगत पांच वर्षों में चीन से आयात में वृद्धि हुई है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या विगत पांच वर्षों में चीन को हुए निर्यात में कमी आई है; और
(च) सरकार द्वारा चीन के साथ निर्यात को बढ़ाने और आयात को घटाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ख): वित्त वर्ष 2016-17 से वित्त वर्ष 2021-22 तक चीन को भारत के निर्यात और आयात के व्यापार आँकड़े निम्नानुसार है:

(मूल्य अरब डॉलर में)

	2016-17	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22 (अप्रैल-सितंबर)**
आयात	61.28	76.38	70.32	65.26	65.21	42.33
निर्यात	10.17	13.33	16.75	16.61	21.19	12.26
कुल व्यापार	71.45	89.71	87.07	81.87	86.4	54.59

(स्रोतः डीजीसीआईएस)

(ग) से (घ): चीन से आयात वर्ष 2016-17 में 61.28 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 65.21 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है, जो विगत 5 वर्षों में 1.28 % की वार्षिक

वृद्धि दर्शाता है। तथापि, वर्ष 2019-20 और वर्ष 2020-21 के बीच आयात स्थिर था। चीन से आयात की जाने वाली प्रमुख वस्तुएं दूरसंचार उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर और पेरिफरल्स, उर्वरक, इलेक्ट्रॉनिक घटक/उपकरण, परियोजना सामान, कार्बनिक रसायन, दवा इंटरमीडिएट्स, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, विद्युत मशीनरी, आदि जैसे उत्पाद हैं। इनमें से कई आयातित वस्तुओं का उपयोग भारत में दूरसंचार और विद्युत जैसे तेजी से विस्तार कर रहे सेक्टरों की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है । चीन से हमारे कुछ आयात जैसे एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएट्स (एपीआई) और ड्रग फार्म्युलेशन भारतीय फार्मा उद्योग को तैयार माल का उत्पादन करने के लिए कच्चा माल प्रदान करते हैं जिसका भारत से बाहर निर्यात भी किया जाता है। विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान चीन से भारत के आयात, प्रमुख वस्तु-वार और मूल्य-वार का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ड.) भारत से चीन को निर्यात वर्ष 2016-17 में 10.17 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 21.19 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है, जो विगत 5 वर्षों में 21.67% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है।

(च) भारत सरकार ने चीन को भारतीय निर्यात पर गैर-प्रशुल्क अवरोधों का समाधान करने के लिए द्विपक्षीय संव्यवहारों सहित चीन के साथ अधिक संतुलित व्यापार प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयास किए हैं। सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और मोबाइल, व्हाइट गुड्स (एसी और एलईडी), स्पेशलिटी स्टील, ड्रोन और ड्रोन कंपोनेंट्स आदि के अलावा की स्टार्टिंग मैटेरियल्स/ड्रग इंटरमीडिएट्स, एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन स्कीम (पीएलआई) जैसी स्कीम भी आरंभ की हैं। इन स्कीम से घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और निवेश आकर्षित होगा तथा चीन से आयात पर निर्भरता कम होगी।

****

अनुबंध- I

वित्त वर्ष 2016-17 से वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 (सितंबर 2021 तक) में चीन से भारत के आयात की प्रमुख वस्तु समूहों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रं.सं.	प्रमुख वस्तु समूह	चीन से मिलियन अमरीकी डालर में आयात						
		2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2020-21 (अप्रैल-सितंबर)	2021-22 (अप्रैल-सितंबर)
1	कपास कच्चा और अपशिष्ट	0.05	0.10	0.37	8.07	0.02	0.00	0.00
2	वनस्पति तेल	0.37	0.63	0.46	0.56	0.22	0.07	0.20
3	दाल	64.81	58.11	47.86	51.58	46.36	24.92	18.13
4	फल और सब्जियां	176.95	85.13	33.27	48.41	36.69	13.21	15.93
5	लुगदी और अपशिष्ट कागज	19.65	17.95	21.00	24.34	20.84	10.74	14.00
6	टेक्सटाइल यार्न फैब्रिक, मेडअप आर्टिकल्स	745.28	992.62	923.52	895.03	700.60	228.92	406.01
7	उर्वरक, अपरिष्कृत और निर्मित	1250.68	1072.58	2053.29	1820.93	1551.23	704.83	1735.00
8	सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइरट्स	0.10	0.24	0.27	0.21	0.13	0.05	0.06
9	धात्विक अयस्क और अन्य खनिज	243.13	272.96	476.15	261.54	238.42	93.36	169.98
10	कोयला, कोक और ब्रिकेट, आदि	402.79	642.52	698.89	160.32	20.71	9.63	180.55
1 1	पेट्रोलियम, अपरिष्कृत और उत्पाद	213.11	313.84	302.27	340.44	183.63	94.44	212.97
12	लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद	697.74	932.58	803.99	784.43	525.75	209.13	316.12
13	चमड़ा और चमड़े के उत्पाद	224.32	265.67	256.90	236.49	114.30	37.57	72.38
14	कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन	3562.40	4750.20	5781.19	5197.64	5693.70	2733.36	4040.77
15	डाइंग/टैनिंग/कलरिंग सामग्री एमटीआरएलएस	560.10	751.13	759.89	779.54	775.01	301.96	496.01
16	कृत्रिम रेजिन, प्लास्टिक सामग्री, आदि	2270.30	2945.48	3227.06	3165.79	2741.78	970.36	2133.03
17	रासायनिक सामग्री और उत्पाद	1658.57	2230.65	2592.04	2467.49	2721.34	1305.61	1716.11
18	अखबारी कागज	0.00	0.01		0.00	0.01		
19	मोती, कीमती और अर्द्ध कीमती पत्थर	45.76	107.61	64.11	61.24	45.20	11.97	31.45
20	लोहा और इस्पात	2576.56	3090.72	3153.45	2706.35	2208.84	976.34	1356.10
21	अलौह धातु	1363.75	1657.52	2131.10	1855.26	1460.08	548.76	903.85
22	मशीन टूल्स	727.52	1014.96	1142.81	1026.74	1109.88	388.19	711.73
23	मशीनरी, विद्युत और गैर-विद्युत	8395.95	10354.11	11135.68	10865.44	10220.49	3889.29	5839.41
24	परिवहन उपकरण	3653.34	3758.57	2721.66	2470.58	2374.43	886.13	1384.86
25	परियोजना का सामान	763.00	609.54	553.28	438.28	347.92	178.94	101.59
26	पेशेवर उपकरण, ऑप्टिकल सामान, आदि	525.70	807.30	815.93	758.15	930.46	421.25	955.89
27	इलेक्ट्रॉनिक सामान	24731.24	31975.18	22737.47	21374.09	2396.27	10144.80	15291.87
28	मेडिकल और फार्मास्युटिकल उत्पाद	2018.78	2251.84	2630.56	2562.85	2903.41	1432.51	1764.07
29	सोना	28.37	76.53	12.59	0.00			
30	चांदी	440.69	326.31	321.53	46.26	51.76	47.88	4.27
31	अन्य	3922.02	5018.10	4921.05	4852.68	4252.76	1710.90	2461.44
चीन से कुल आयात		**61283.03**	**76380.70**	**70319.64**	**65260.75**	**65212.25**	**27375.10**	**42333.77**

(स्रोत: डीजीसीआईएस)